**भारत सरकार**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2322**

**उत्तर देने की तारीखः 10.12.2024**

**श्रेष्ठ योजना**

**2322. श्री बी. के. पार्थसारथीः**

**श्री डग्गुमल्ला प्रसादा रावः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान लक्षित क्षेत्रों (श्रेष्ठ) विशेषकर आंध्र प्रदेश राज्य में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना के अंतर्गत चयनित अनुसूचित जाति के छात्रों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में 2021-24 तक उक्त योजना के अंतर्गत कुल बजटीय आवंटन और जारी निधि का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत मोड 1 और मोड 2 सहित आज की तिथि तक कुल आवासीय विद्यालयों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का योजना के अंतर्गत पेशकश की जा रही सीटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**

**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** "लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) दो तरीकों से लागू की जा रही है:

मोड-1 के तहत, प्रत्येक वर्ष 3,000 मेधावी एससी छात्रों को सीबीएसई/राज्य बोर्डों से संबद्ध सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय स्कूलों में कक्षा 9वीं और 11वीं में

के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (एनईटीएस) के माध्यम से चुना जाता है। कक्षा 12वीं तक की उनकी पढ़ाई पूरी होने तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

मोड-2 के तहत, अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर गैर-आवासीय स्कूलों, आवासीय स्कूलों और छात्रावासों की परियोजनाओं को चलाने के लिए संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

योजना के मोड-I के तहत चुने गए अनुसूचित जाति के छात्रों की संख्या इस प्रकार है:

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **अनुसूचित जाति के चयनित छात्र** | **आंध्र प्रदेश में अनुसूचित जाति के चयनित छात्र** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | 1,468 | 202 |
| 2 | 2023-24 | 2,543 | 438 |
| 3 | 2024-25 | 2,961 | 375 |
| | **कुल** | **6,972** | **1,015** |

**(ख):** केंद्रीय क्षेत्र की योजना होने के कारण, राज्य-वार निधि आवंटित नहीं की जाती है। वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक योजना के तहत कुल बजटीय आवंटन और जारी की गई धनराशि निम्नानुसार है:-

**(रुपये करोड़ में)**

| **क्र.सं.** | **वर्ष** | **संशोधित अनुमान** | **व्यय** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 63.21 | 38.04 |
| 2 | 2022-23 | 89.00 | 51.12 |
| 3 | 2023-24 | 90.65 | 81.57 |
| | **कुल** | **242.86** | **170.73** |

वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक आंध्र प्रदेश में निजी आवासीय स्कूलों और संगठनों को (जिला-वार) जारी की गई कुल धनराशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ग):** योजना के दोनों मोड के अंतर्गत आवासीय स्कूलों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

| | |
|---|---|
| मोड -1 | 246 |
| मोड -2 | 51 |
| **कुल** | **297** |

**(घ):** फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**अनुबंध**

**आंध्र प्रदेश में श्रेष्ठ योजना के मोड-1 के अंतर्गत निजी आवासीय स्कूलों (जिला-वार) को जारी की गई धनराशि का विवरण**

**(रुपये लाख में)**

| आंध्र प्रदेश | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **ज़िला** | **स्कूल/संस्था का नाम** | **जारी निधियां (2021-22)** | **जारी निधिय (2022-23)** | **जारी निधियां (2023-24)** |
| 1 | कडप्पा | सेंट जोसेफ जूनियर कॉलेज | 2.27 | 2.71 | - |
| | | साईराम जूनियर कॉलेज | 1.05 | 1.05 | - |
| | | श्री साईराम जूनियर कॉलेज कडप्पा | 1.80 | 1.04 | - |
| | | श्री चैतन्य इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल | 8.25 | 0 | - |
| | | श्री चैतन्य इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल फॉर बॉयज़ कडप्पा | 4.50 | 0 | - |
| | | श्री साई जूनियर कॉलेज कडप्पा | 0.45 | 0.50 | - |
| 2 | विजयनगरम | श्री गायत्री जूनियर कॉलेज गोटलम विजयनगरम | 18.00 | 15.00 | - |
| | | गायत्री जूनियर कॉलेज | 18.50 | 24.00 | - |
| | | श्री चैतन्य विद्या निकेतन बोब्बिली विजयनगरम | 2.80 | 2.80 | - |
| | | न्यू सेंट्रल स्कूल विजयनगरम | 7.70 | 7.70 | 11.40 |
| | | नोबल हाई स्कूल बोब्बिली | 2.10 | 2.10 | 2.00 |
| | | गायत्री इंग्लिश मीडियम स्कूल गोटलम | 7.70 | 8.80 | 5.00 |
| | | चाणक्य पब्लिक स्कूल विजयनगरम | 2.25 | 2.25 | 0 |
| | | गायत्री हाई स्कूल | 1.40 | 1.50 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | थोटापलेम विजयनगरम | | | |
| | | गायत्री मॉडल स्कूल | - | - | 147.52 |
| 3 | श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | श्री सत्य साईं उच्चतर माध्यमिक स्कूल | - | 1.52 | 4.40 |
| 4 | नेल्लोर | अक्षरा विद्यालय | - | 81.25 | 154.02 |
| 5 | विशाखापत्तनम | अमेया वर्ल्ड स्कूल | - | 34.37 | 83.72 |
| 6 | पश्चिम गोदावरी | बी वी बी इंटरनेशनल आवासीय पब्लिक स्कूल | - | 4.50 | 4.90 |
| | | जे सिकाइल स्कूल | - | 17.91 | 91.43 |
| 7 | अनंतपुर | संस्कृति ग्लोबल स्कूल | - | - | 26.12 |
| | | **कुल** | **78.77** | **209** | **530.51** |

**आंध्र प्रदेश में श्रेष्ठ योजना के मोड-2 के अंतर्गत संगठनों/एनजीओ (जिला-वार) को जारी धनराशि का विवरण**

**(रुपये लाख में)**

| **क्र.सं.** | **ज़िला** | **एनजीओ का नाम** | **2021-22 के दौरान जारी किए गए अनुदान** | **2022-23 के दौरान जारी किए गए अनुदान** | **2023-24 के दौरान जारी किए गए अनुदान** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रकाशम | सेंटर फॉर रूरल एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सोसायटी | 41.51 | 19.69 | 31.31 |
| 2 | कृष्णा | रविचेरला इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट एंड एजुकेशन सोसायटी | 16.83 | 7.00 | 1.40 |
| 3 | गुंटूर | मद्दिराला सिवैया मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी | 11.00 | 2.14 | 17.93 |
| | | श्री वेंकटेश्वर महिला मंडली | 24.41 | 0.49 | 33.49 |
| | | श्री शांति रेड्डी एजुकेशनल सोसायटी | 24.94 | 5.50 | 18.53 |
| 4 | पश्चिमी गोदावरी | इंटरनेशनल एजुकेशनल सोसायटी | 20.86 | 17.50 | 34.05 |
| | | **कुल** | **139.55** | **52.32** | **136.71** |

****